बरेली, गुरुवार
16 नवंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 BOTTOM

अंडर-19 कूच बिहार ट्राफी के लिए शुभम व इंजमाम उप्र टीम में चयनित

शुभम मिश्रा



इंजमाम

जागरण संवाददाता, बरेली : शहर के शुभम मिश्रा और इंजमाम हुसैन का चयन अंडर-19 कूच बिहार ट्राफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। टीम पहला मैच हिमाचल प्रदेश के खिलाफ शुक्रवार को मेरठ में खेलेगी। कर्मचारी नगर निवासी शुभम लेफ्ट आर्म स्पिनर और रिछा के वार्ड नंबर दो निवासी इंजमाम राइट हैंड बल्लेबाज हैं। इंजमाम का परिवार अब मेरठ शिफ्ट हो चुका है।

शुभम ने बीते दिनों अंडर-19 कैंप में शानदार प्रदर्शन किया। दो मैच में पांच विकेट लेकर 75 रन का योगदान देकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। वह बीते आठ साल से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी में खेल की बारीकियां सीख रहे हैं। शुभम के पिता सौरभ मिश्रा ने बताया कि बेटे ने अपने खेल में सुधार किया। एसआरएमएस एकेडमी के कोच युसुफ खान, मनीष सिंह के साथ संरक्षक आदित्य मूर्ति ने शुभम को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शहर के रिछा क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 के निवासी रहे इंजमाम हुसैन राइट हैंड बल्लेबाज हैं। पिता अरशद कारोबार के चलते अब परिवार के साथ मेरठ शिफ्ट हो गए है।

बरेली क्लब के प्रशिक्षु रहे इंजमाम इससे पहले जिले की अंडर-14 और अंडर-19 टीम में संभावित खिलाड़ी के तौर पर चयनित हो चुके हैं। अंडर-19 कूच बिहार ट्राफी में इंजमाम और शुभम के चयनित होने पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।